

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिड़ला ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ''सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य'' की थीम पर आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनके लिये स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

# ''सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य'' की थीम पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आईसीडीएस फील्ड कार्मिक प्रशिक्षण के लिये धौलपुर में स्किल लैब का वर्चुअल उद्घाटन किया

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 43 लाख बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।**

जयपुर, 23 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं हमारी आधी आबादी हैं और बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। उनके विकास और सशक्तिकरण से ही हमारा देश-प्रदेश मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनके लिये स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही, राज्य सरकार महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

शर्मा गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभागीय योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 43 लाख बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। पोषाहार की गुणवत्ता के लिए ओ.टी.पी. आधारित प्राप्ति तथा चेहरे से पहचान जैसे नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें बालिका के जन्म से उसके स्नातक तक की शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रु. की राशि की सहायता का प्रावधान किया गया है।

उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभाग की सबसे छोटी इकाई से लेकर विभागीय अधिकारियों तक के लिए एक मंच पर संवाद हुआ है। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने आईसीडीएस फील्ड कार्मिक प्रशिक्षण के लिए धौलपुर में स्किल लैब का वर्चुअल उद्घाटन किया। नवीनतम तकनीक से लैस इस स्किल लैब के शुभारंभ से आईसीडीएस कार्मिकों के प्रशिक्षण में सुविधा मिलेगी। इससे संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी इस दौरान किया गया। साथ ही, सखी, वन स्टॉप सेंटर 181 के पोस्टर, डीबीटी के साथ व्यवहार परिवर्तन की रणनीति के पोस्टर तथा कालीबाई भील उड़ान योजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने सैल्फी बूथ पर फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट कार्मिकों का सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा बाल विवाह को रोकने के लिए उपस्थित जनसमूह को शपथ भी दिलवाई।

इस दौरान, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी, निदेशक आईसीडीएस ओ पी बुनकर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागीय कार्मिक एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, साथिन उपस्थित रहे।

# सचिन पायलट ने गुर्जर समाज से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आव्हान किया

## गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के भवन के भूमि पूजन में पायलट के साथ केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी शामिल हुए



पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के भवन का भूमि पूजन किया। उन्होंने भवन के काम में पारदर्शिता की तारीफ की और इस तरह के कार्यों में हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

■ **कार्यक्रम में अनेक नेताओं और समाजसेवियों ने भवन निर्माण के लिये योगदान देने की घोषणा की। परिषद के कोषाध्यक्ष जगदीश चेची ने बताया कि इस समारोह में भवन के लिये कुल 2 करोड़ 30 लाख रूपये की सहयोग राशि जुटाई गई।**

जयपुर, 23 जनवरी। गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद (जीकेप) के भवन का भूमि पूजन एवं भामाशाह सम्मान समारोह मेट्रो एन्क्लेव मानसरोवर बी-2 बाईपास में सम्पन्न हुआ। प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तंवर ने बताया की भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सचिन पायलट रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णपाल गुर्जर केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने की।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में गोरधन भाई झड़पिया पूर्व गृह राज्य मंत्री गुजरात, अनंतराम तंवर, सतीश पटेल रहे।

इस मौके पर, पायलट ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आ ान किया, जीकेप भवन के कार्य में पारदर्शिता की तारीफ की ओर इस तरह के कार्यों में हर सम्भव सहयोग के लिए आस्वस्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 21 लाख रुपये का योगदान दिया।

गोरधन भाई झड़पिया ने सरदार धाम गुजरात से हरसंभव सहयोग की बात की। राष्ट्रीय गुर्जर समिति के अध्यक्ष अनंतराम तंवर ने जीकेप की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए भवन निर्माण हेतु 1 लाख रु का सहयोग किया।

इस मौके पर समाजसेवी सीताराम पोसवाल द्वारा 31 लाख के सहयोग की घोषणा की।

पूर्व जिलाप्रमुख अजीत सिंह महवा ने 10 गांवों से जीकेप भवन में 10 कमरे निर्माण की प्रतिबद्धता जाहिर की व उनकी माँ द्वारा एक कमरा निर्माण की राशि भेंट की गई।

पाली निवासी महाराष्ट्र से पधारे उद्योगपति नानाजी भाई द्वारा भी 4 लाख 61 की राशि प्रदान की। कोषाध्यक्ष जगदीश चेची ने बताया इस प्रकार इस समारोह में जीकेप सांस्थानिक भवन के लिए कुल 2 करोड़ 30 लाख रुपये की सहयोग राशि जुटाई।

इस सांस्थानिक भवन में गुर्जर समाज के बच्चों को रहने की व्यवस्था के साथ, लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस हॉल, कोचिंग हॉल, ऑनलाइन क्लासेज हेतु स्टूडियो, गुर्जर संस्कृति केन्द्र, एक्सपर्ट के माध्यम से उच्च प्रशासनिक जैसे यूपीएससी, आरएएस, सेना, न्यायिक सेवा के पदों हेतु कोचिंग एवं इंटरव्यू, संस्था का प्रशासनिक खंड आदि की व्यवस्था रहेगी।

पूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, हेमसिंह भड़ाना, आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला, विधायक सुरेश गुर्जर, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, धीरज गुर्जर, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ सौम्या गुर्जर, पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर, सभापति धनराज गुर्जर सहित दर्जनों अतिथियों ने सभा को संबोधित किया।

संस्था की कार्यकारिणी, भामाशाहों एवं समाज बंधुओं ने हजारों की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वागत भाषण संस्थापक रामफूल गुर्जर ने दिया व मंच का संचालन डॉ. रूपसिंह, महासचिव हंसराज गुर्जर व अतरसिंह छावड़ी ने किया।

संस्था के मार्गदर्शक प्रो पी एस वर्मा ने पधारे हुए महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा की। यह जानकारी प्रवक्ता रामेश्वर गुर्जर ने दी।

## आप अपने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तथा कांग्रेस बढ़कर 21 प्रतिशत पर पहुँच गई। भाजपा का वोट शेयर केवल 4% ज्यादा था, लेकिन उसकी इकतरफा जीत हुई।'' आप, जो अपना अब तक का सबसे मुश्किल चुनाव लड़ रही है, का मानना है कि अगर वह 70 में से 50 से अधिक सीटें जीत जाती है, तो उसकी स्थिति सुविधाजनक रहेगी। इससे कम सीटों की स्थिति में, आप का शीर्ष नेतृत्व असुविधाजनक स्थिति में रहेगा।

## चुनाव आयोग ने केजरीवाल की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस के कहने पर ज़बरदस्ती केजरीवाल की सुरक्षा कम की गई है।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि समय-समय पर हमें पंजाब के सीएम भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल को धमकियों की रिपोर्ट मिलती रहती है और हम संबंधित एजेंसियों से इसे शेयर भी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हमने अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के जवानों को वापस बुला लिया है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली पुलिस के साथ अपने इनपुट्स शेयर करते रहेंगे।

अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के जवानों को हटाने पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि आज दिल्ली पुलिस ने जबरन अरविंद केजरीवाल की पंजाब पुलिस की सुरक्षा हटवा दी। अरविंद केजरीवाल की जे ब्लॉक काली बाड़ी मार्ग पर सभा है और वहां लाठी डंडे लेकर गुंडे पहले से मौजूद हैं।

## नीमकाथाना व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का सृजन किया था। उसके बाद यहां सरकारी कार्यालय और बस स्टैंड आदि के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है। इसके साथ ही, जिला कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिले में नियुक्त किया गया। वहीं, कानून व्यवस्था पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया और इससे क्षेत्र में अपराध दर में भी कमी आई। इसी बीच, सरकार बदलने के बाद गत 29 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर नीमका थाना से जिले का दर्जा छीन लिया गया। याचिका में कहा गया कि समान स्थिति के कुछ अन्य जिलों को राजनीतिक कारणों से बरकरार रखा गया है, जबकि करीब तीन दशक से नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग की जा रही थी। ऐसे में जिला रद्द करने की अधिसूचना को निरस्त किया जाए।

## फर्जी दस्तावेज वाले दो आरोपियों ने गुनाह कबूल लिया

■ **बिहार के आंतकवाद निरोधक दस्ते को पहले मुकदमे में सफलता मिली।**

पटना, 23 जनवरी। बिहार में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की पटना स्थित विशेष अदालत के पहले मुकदमे में फर्जी दस्तावेजों के साथ पकड़े गए दो विदेशी नागरिकों ने आज अपना गुनाह कबूल कर लिया। एटीएस की विशेष अदालत के न्यायाधीश अभिजीत कुमार की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर इस मामले के आरोपी खैरुल मंडल और अबू सुल्तान ने अपना गुनाह स्वेच्छा से कबूल किए जाने की बात कही थी।

अदालत ने दोनों का बयान लेने के बाद, उनका कबूलनामा स्वीकार करते हुए उन्हें आज भारतीय दंड विधान की धारा 465, 471, 120 और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 18 तथा 18 बी एवं फॉरेन एक्ट की धारा 14 सी के तहत दोषी करार दिया।

# 'चुनावी प्रक्रिया में विश्वास खत्म करने वाली फर्जी बातों से बचें'

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावों में काम करने वाले वैश्विक संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

■ **दो दिन के सम्मेलन में भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज़्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कज़ाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरिशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया व नेपाल के 30 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।**

नयी दिल्ली, 23 जनवरी। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक देशों में चुनाव का प्रबंधन करने वाले निकायों को चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी बातों के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें चुनाव-की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को ही आहत करने के लिए फैलायी जाती हैं।

कुमार ने कहा कि ऐसी फर्जी बातों का मुख्य उद्देश्य चुनाव के मर्मस्थल को बेधना होता है। कुमार गुरुवार को राजधानी में चुनाव प्रबंधन करने वाले राष्ट्रीय निकायों और लांकतांत्रिक चुनाव पद्धतियों के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक संगठनों के एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, इस तरह के मनगढ़ंत आख्यान सामान्यतः ऐसे समय फैलाए जाते हैं जब चुनाव प्रक्रिया किसी महत्वपूर्ण मोड़ पर होती है।

दो दिन का यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन के प्रमुख समकालीन मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया है जिसमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज़्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्ययूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लगभग 30 प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं।

'वैश्विक चुनाव वर्ष 2024: लोकतांत्रिक स्थानों की पुनरावृत्ति, ईएमबी के लिए सीख' विषय पर यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य भाषण में कुमार ने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है।

उन्होंने चुनाव प्रबंध करने वाले निकायों से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया, ताकि जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि के लिए ईएमबी के लिए एक निर्णायक वर्ष था।

सम्मेलन के पहले दिन उज़्बेकिस्तान, श्रीलंका, मॉरीशस, इंडोनेशिया, कज़ाकिस्तान के चुनाव प्रबंधन निकायों ने 2024 में अपने चुनावी अनुभव पर प्रस्तुतियाँ दीं और सोशल मीडिया पर गलत सूचना, गलत सूचना और फर्जी आख्यानों के बारे में अपनी चिंताएँ रखीं, जो लाइव चुनावों में चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करते हैं। मॉरीशस के सी.ई.सी. अब्दुल रहमान ने ई.एम.बी. में मतदाताओं के विश्वास को कम करने के लिए फर्जी खबरों के खतरे पर भी जोर दिया। चुनाव कर्मचारियों की भर्ती के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदनों के एक विशेष मामले पर प्रकाश डालते हुए, रहमान ने चुनावों के दौरान गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं के खतरे को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के उपयोग पर चिंता व्यक्त की।

## राज्य के 5897 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इन निर्णय के अनुसार, प्रदेश के बून्दी जिले के 486, नागौर जिले के 67, धौलपुर जिले के 58, झालावाड़ जिले के 61, सवाई माधोपुर के 2, बारां के 1, अजमेर के 592, भरतपुर के 418, कोटा के 345, टोंक के 865, बीकानेर के 45, बांसवाड़ा के 817, बालोतरा के 10, फलौदी के 207, पाली के 155, हनुमानगढ़ के 49, डीग के 258, जोधपुर के 262, ब्यावर के 626, भीलवाड़ा के 564 एवं हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है। इन गांवों में खराबे से प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार कृषि आदान अनुदान वितरण किया जाएगा।

## महाकुंभ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

महाकुम्भ नगर, 23 जनवरी। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है। जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।

## 20 फरवरी को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है, तथा न्यूरोलॉजिकल तकलीफें भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ''मैं दम्पतियों को यह बताने का प्रयास कर रहा हूं कि समय पूर्व प्रसव में मां और शिशु दोनों के लिए भारी खतरा है। गत दो दिनों में मैं इस बारे में 15-20 दम्पतियों से बात कर चुका हूँ।'' जन्म के आधार पर नागरिकता का अधिकार कई भावी माता-पिता के लिए सेफ्टी नैट है, खासकर अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों के लिए। एक 28 वर्षीय फाइनैंस प्रोफेशनल ने कहा कि अगर उसकी पत्नी ने डैडलाइन के बाद बच्चे को जन्म दिया तो उसके सारे प्लान्स खराब हो जाएंगे। एक अन्य एच-वन बी वीसा धारक, जिसके पिता बनने में कुछ माह बाकी हैं, ने कहा, यहां आने के लिए बहुत कुछ छोड़ा है, अब लगता है हमारे लिए दरवाजे बंद हो रहे हैं।

# अमेरिका की डब्ल्यु.एच.ओ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैल्थ संगठनों के साथ अपने सहयोग को बढ़ाना पड़े या फिर खाली स्थान को भरने के लिए देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने पड़ें।

डब्ल्यु.एच.ओ. कमज़ोर हुआ तो वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी के प्रयासों को नुकसान होगा, जिससे देशों को भविष्य में होने वाले प्रकोपों से निपटने में कठिनाई हो सकती है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 के लिए भारत डब्ल्यु.एच.ओ. के दिशा-निर्देशों, अनुसंधान और आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क पर निर्भर था, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि एक मजबूत वैश्विक स्वास्थ्य निकाय कितना महत्वपूर्ण है।

भारत दवा उत्पादन और वैक्सीन निर्माण में एक ग्लोबल लीडर है। एक कमज़ोर डब्ल्यु.एच.ओ. वैश्विक नियामक समन्वय (ग्लोबल रैगुलेटरी हार्मनाइज़ेशन) को प्रभावित कर सकता है, जिससे भारतीय निर्यातों के लिए अप्रूवल और सर्टिफिकेशन मिलने में देरी हो सकती है। हालांकि, यह भारत के लिए एक अवसर भी हो सकता है, जिससे वह एक स्वतंत्र सर्टिफाइंग बॉडी के रूप में अपनी स्थिति स्थापित कर सके और ग्लोबल हैल्थ गवर्नैंस में अपनी प्रभावशीलता को बढ़ा सके।

अमेरिका की निकासी से भारत को डब्ल्यु.एच.ओ. या हैल्थ डिप्लॉमसी में नेतृत्व की भूमिका निभाने का अवसर मिल सकता है। अपनी वित्तीय क्षमता और दक्षता के योगदान को बढ़ाकर भारत खुद को वैश्विक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर सकता है, जिससे उसकी सॉफ्ट पावर में वृद्धि हो सकती है।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन, जो वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रबल समर्थक हैं और डब्ल्यु.एच.ओ. के समर्थन में आवाज उठाते रहे हैं, का कहना है कि यह ग्लोबल हैल्थ बॉडी संक्रामक बीमारियों, महामारी और अन्य स्वास्थ्य आपात स्थितियों का समाधान करने के लिए बहुत अधिक जरूरी है।

ब्राउन ने यूके के गार्जियन अखबार में, डब्ल्यु.एच.ओ. से अमेरिका की निकासी के ट्रम्प के निर्णय की आलोचना की है और कहा है कि वित्तीय असमानताओं और कथित चीनी प्रभाव के बारे में गलत तर्क दिए गए।

ब्राउन के अनुसार, पोलियो, एचआईवी और तपेदिक जैसी बीमारियों से लड़ने, महामारी की तैयारी को समन्वित करने और संघर्ष क्षेत्र और जलवायु प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने में डब्ल्यु.एच.ओ. महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

ब्राउन यह भी कहते हैं कि डब्ल्यु.एच.ओ. को दिया जाने वाला अमेरिका का वित्तीय योगदान उसके आर्थिक आकार के अनुपात में है, अत्यधिक नहीं है। वे यह भी बताते हैं कि डब्ल्यु.एच.ओ. का अधिकांश वित्तीय योगदान स्वैच्छिक योगदानों से आता है, जिसमें गेट्स फाउंडेशन जैसे निजी संगठन भी शामिल हैं।

संक्रामक बीमारियां सीमाओं का सम्मान नहीं करतीं और डब्ल्यु.एच.ओ. जैसी एक वैश्विक समन्वित संस्था अनिवार्य है। वे कहते हैं कि वर्तमान चुनौतियां, जैसे कई महामहारियाँ, बिना सामूहिक अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के हल नहीं हो सकतीं। वे सुझाव देते हैं कि समृद्ध देशों को डब्ल्यु.एच.ओ. को स्थिर रूप से वित्तपोषित करने के लिए अपना योगदान बढ़ाना चाहिए और निम्न-आय वाले देशों के निरंतर समर्थन को प्रोत्साहित करना चाहिए।

ब्राउन का कहना है कि डब्ल्यु.एच.ओ. को छोड़ देना वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को कमज़ोर करता है। उन्होंने देशों से आग्रह किया है कि वे इसके ढांचे को मजबूत करें, न कि उसे छोड़ दें।

## 'चाय बेचने वाले ने ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलाई'

■ **महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने जलगांव ट्रेन हादसे का खुलासा किया।**

मुंबई, 23 जनवरी। महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम हुए ट्रेन हादसे के बारे में नए खुलासे हो रहे हैं। असल में लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई जिससे ट्रेन में सफर कर रहे यात्री इतना डर गए कि वह चलती ट्रेन से ही कूदने लगे। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई। इस हादसे को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बड़ा खुलासा किया है।

अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि जलगांव ट्रेन दुर्घटना, पुष्पक एक्सप्रेस के अंदर एक चाय बेचने वाले द्वारा ट्रेन में आग लगने की ''अफवाह'' का नतीजा थी। इस अफवाह के कारण लोग घबरा गए और कुछ यात्री ट्रेन से कूद गए। मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आपातकालीन चेन खींचने की घटना के बाद कुछ यात्री ट्रेन से नीचे उतरे और विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना में 13 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए।

पवार ने पुणे में पत्रकारों से कहा, ''पैंट्री से एक चायवाला चिल्लाकर बोला कि कोच में आग लग गई है।'' उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती से आए दो यात्रियों ने यह आवाज सुनी और अन्य लोगों को यह गलत सूचना दी, जिससे उनके सामान्य डिब्बे और बगल के कोच में लोगों में दहशत फैल गई।

## 'हम हमेशा, ''बिना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर रहे हैं। इसके लिए खेत, घर व जेवर बेचकर बिचौलियों को पैसा दे रहे हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका के पत्रकारों से कहा कि एक सरकार के रुप में हम निश्चित रुप से कानूनी गतिशीलता में यकीन रखते हैं, क्योंकि हम वैश्विक कार्य स्थल में यकीन रखते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा व कौशल को विश्व में अधिकतम अवसर मिलें। पर हम अवैध रुप से अन्य देशों में जाने और वहां रहने के खिलाफ भी हैं।''

उन्होंने कहा, क्योंकि आप भी जानते हैं कि जब गैरकानूनी काम होता है तो उसमें कई अन्य अवैध कार्य भी शामिल हो जाते हैं, जो वांछनीय नहीं हैं। इससे साख भी खराब होती है, इसलिए हरेक देश, अमेरिका ही अपवाद नहीं है, के साथ हमने हमेशा यही कहा है कि अगर हमारा कोई नागरिक अवैध रुप से वहां रह रहा है और हमें यकीन हो जाता है कि वह हमारा नागरिक है, तो हमारे दरवाजे उसकी वैध वापसी के लिए खुले हैं।

जयशंकर उन खबरों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे कि भारत अमेरिका में रह रहे ऐसे 1.80 लाख भारतीयों की वापसी पर काम कर रहा है, जिनके पास कागजात नहीं हैं या जो वीसा अवधि से भी ज्यादा समय से रुके हुए हैं ।

उन्होंने कहा ''यह स्थिति सिर्फ अमेरिका के लिए अनोखी नहीं है। मैं समझता हूं कि अभी एक बहस चल रही है, जिससे मामला संवेदनशील बन रहा है, पर हम स्थिर बने रहे।

इस मामले में हम बहुत सिद्धांतवादी हैं। मैंने यह बात अमेरिका के विदेश मंत्री को बताई है। हम मानते हैं कि हमें कानूनी प्रक्रिया की गति बढ़ानी चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''इसी में हमारा पारस्परिक हित है। अगर एक वीसा पाने के लिए 400 दिन इंतज़ार करना पड़ता है तो यह ठीक नहीं है। रुबियो ने इसे नोट किया है।''

''लेकिन मैंने कुछ आंकड़े देखे है। मैं इन पर आपको सावधान करता हूँ, क्योंकि एक संस्था तभी प्रासंगिक होती है, जब हम यह साबित कर पाएं कि वह व्यक्ति भारतीय मूल का है।''

## चेक बाउन्स...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि तीन माह के भीतर अगर जुर्माना नहीं भरा गया तो वर्मा को तीन महीने और जेल में बिताने होंगे। चेक अनादरण का मामला 2018 में रामगोपाल वर्मा की फर्म के खिलाफ दायर हुआ था। जून 2022 में वर्मा को निजी मुचलका और पांच हजार रुपये की नकद सुरक्षा जमा करने के बाद जमानत दे दी गई थी। मजिस्ट्रेट वाईपी पुजारी ने राम गोपाल वर्मा को सजा सुनाते हुए कहा, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 428 के तहत सेट-ऑफ का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि आरोपी ने मुकदमे के दौरान हिरासत में कोई अवधि नहीं बिताई है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908